Publication: Lok Bharati	**Page no**: 08
Edition: Print	**Date:** 17.09.22

सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द इयर अवार्ड से सम्मानित

नई दिल्ली। श्वाब फाउंडेशन पर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप, वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम की सिस्टर संस्था और जुबिलेंट भारतिया ग्रुप के जुबिलेंट भारतिया फाउंडेशन ने हकदर्शक एम्पावरमेंट सोल्यूशंस के अनिकेत दोगर को प्रतिष्ठित 'सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड--इंडिया 2022' प्रदान किया। इस पुरस्कार को केंद्रीय सूचना और प्रसारण, युवा मामलों और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने एक भव्य समारोह में विजेता को प्रदान किया। इस अवसर पर कई नामचीन हस्तियां उपस्थित थीं। अनुराग सिंह ठाकुर ने विजेता और फाइनलिस्?ट को बधाई दी। उन्होंने सामाजिक उद्यमियों के काम की सराहना करते हुए कहा, ᳚अनिश्चितताओं से भरी इस दुनिया में भौगोलिक और राजनीतिक उथल-पुथल के बीच राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सामाजिक उद्यमियों का योगदान बहुत ही महत्?वपूर्ण हो गया है। यह जानना बहुत जरूरी है कि पर्यावरण, सस्?टेनेबिलिटी और गवर्नेंस में निवेश ना सिर्फ हमारे 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्?यवस्?था बनने के साझा लक्ष्?य को पूरा करने बल्कि 2030 तक स्?थायी विकास लक्ष्?यों को और 2070 तक शुद्ध जीरो उत्?सर्जन को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। सामाजिक उद्यमी अपने नए-नए विचारों को अमल में ला सकते हैं, एक टीम बना सकते हैं, लाभार्थियों और हितधारकों को एक साथ एकत्रित कर सकते हैं, जरूरी फंड जुटा सकते हैं। श्वाब फाउंडेशन फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप की सह-संस्थापक और चेयरपर्सन श्री हिल्डे श्वाब, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के संस्थापक और एक?जीक?यूटिव चेयरमैन और श्वाब फाउंडेशन फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप के सह-संस्थापक प्रोफेसर क्लॉस श्वॉब ने सामाजिक उद्यमियों के कार्य की सराहना की और और विजेता एवं फाइनलिस्ट्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछले चुनौतीपूर्ण वर्षों में सामाजिक सेवा के कार्य में नई सक्रियता, उद्यमिता और नवोन्मेष की भावना देखी। सामाजिक उद्यमी कोई भी नया आविष्कार करने के पीछे प्रेरक शक्ति होते हैं, जिससे न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर के लोग की जीवन शैली की गुणवत्ता में सुधार आता है। श्री श्याम एस. भारतिया, जुबिलेंट भारतिया ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन तथा श्री हरि एस. भारतिया संस्थापक और चेयरमैन और फाउंडेशन के संस्थापक निदेशकों ने विजेताओं और फाइनलिस्टस की सराहना करते हुए कहा, पिछले ढाई साल के कोरोना काल में हमने दुनिया भर में सामाजिक उद्यमियों को अपनी क्षमता से कहीं बढ़कर सामाजिक कार्य करते हुए देखा। उन्होंने मानवता की पूरे समर्पण के साथ सेवा की। उनकी रचनात्मकता, लचीलापन, प्रतिबद्धता, क्षमता और पहुंच वाकई तारीफ के काबिल थी। आज हमें अपने सभी फाइनलिस्ट्स का सम्मान करते हुए काफी गर्व महसूस हो रहा है क?योंकि इन असाधारण लोगों ने समाज की दिशा में यादगार उपलब्धियां हासिल की और काफी योगदान किया है। श?वाब फाउंडेशन फॉर सोशल एंटरप्रे-?योरशिप के साथ हमारी 13 सालों की अनूठी और लाभदायक साझेदारी पर हमें गर्व है। एसईओवाई अवॉर्ड इंडिया 2022 पुरस्कार जीतने पर हकदर्शक एम्पावरमेंट सोल्यूशंस के अनिकेत दोगर ने कहा, ᳚मैं जमीनी स्?तर पर काम कर रहे सभी हकदर्शकों को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह अवॉर्ड हमारी युवा टेक कंपनी को सहयोग देने में प्रेरणा शक्ति बनेगा।